Indira Gandhi International Airport since its commissioning last year? THE MINISTER OF STATE OF

THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): The requisite information is furnished in the enclose^ statement

STATEMENT

Month	Export	Import
	(FIGURES IN METRIC TONNES)	
May, 1986	3711	1524
June, 1986	3530	1535
July, 1986	3804	1497
August, 1986	3699	1754
September, 1986	4172	1737
October, 1986	4385	1998
November, 1986	3764	1869
December, 1986	4052	2036
January, 1987	4035	1799
February, 1987	4276	1722
March, 1987	4683	1716

बेतवा नदी पर रेलवे पुल का निर्माण

1173. **डा० गोविन्द दास रिछारिया :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या झांसी के निकट रेल द्विपथीकरण के कार्य के पूरा होने के पश्चात् बेतवा नदी पर दूसरा पुल न होने के कारण यातायात के आवागमन में हुई कठिनाइयों को देखते हुए, सरकार निकट भविष्य में वहां एक दूसरे पुल का निर्माण करने पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो दूसरे पुल के निर्माण कार्य के कब तक शुरू किये जाने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) (क) जी हां ।

(ख) निर्माण कार्य अनुमोदित हो गया है और डिजाइन और निविदा आदि के लिए प्रारम्भिक कार्य पूरा होने के बाद इसे शुरू किया जायेगा ।

राजघाट बांध परियोजना के लिए सीमेंट की ढुलाई हेतु रैक

1174. **डा० गोविन्द दास रिछारिया:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत छः महीनों के दौरान झांसी के निकट बेतवा नदी पर बनने वाली राजघाट बांध परियोजना के लिए सीमेंट की ढुलाई हेतु कितने रैक उपलब्ध कराये गये और इस संबंध में माहवार आंकड़े क्या हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि गत कुछ दिनों से सीमेंट की ढुलाई के लिए पर्याप्त संख्या में रेलवे रैक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार स्थिति में सुधार करने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) तीन रैक